प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार।
- प्रदेश की राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा निर्विरोध चयनित–पार्टी हाईकमान का जताया आभार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन के आम कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर होगा विचार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा की सम्पत्ति पर उठाए सवाल।
- चंबा ज़िला की पांगी घाटी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से लोग परेशान–सरकार से सुविधाएं बहाल करने की मांग।

प्रधानमंत्री–वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार सबका साथ सबका विकास–जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक व समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, वहीं योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं।

अनुराग शर्मा

हिमाचल प्रदेश की राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा निर्विरोध चुने गए हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ इलेक्शन सौंपा गया है। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तरफ से अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया था जबकि भाजपा की तरफ से कोई नामांकन नहीं भरा गया था। आज नाम वापिस लेने का अंतिम दिन था और एक ही

प्रत्याशी होने के कारण अनुराग शर्मा निर्विरोध सांसद चुन लिए गए हैं। मौजूदा राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अनुराग शर्मा राज्यसभा सदस्य के रूप शपथ लेंगे। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कांग्रेस हाईकमान और अपने सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सम्पत्ति को लेकर दायर की गई शिकायत पर कहा कि नामांकन पत्र में उन्होंने अपनी सभी सम्पत्तियों का पूरा विवरण दिया है और कोई भी सम्पत्ति छिपाई नहीं है। अनुराग शर्मा ने कहा कि वे प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पार्टी हाईकमान ने एक आम कार्यकर्ता को राज्यसभा का टिकट देकर स्पष्ट संकेत दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी संगठन के आम कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस नेता अनुराग शर्मा के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के उपलक्ष्य पर शिमला स्थित पार्टी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने ये बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेता राज्यसभा चुनाव को लेकर तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं जबकि कांग्रेस के किसी नेता में कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की सम्पदा को नुकसान पहुंचाया और उनके वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला ज़िला के कोटगढ़ व कुमारसेन क्षेत्र के भूमि पट्टों के लंबित मामलों को एक माह के भीतर निपटाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में कोटगढ़ व कुमारसेन क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भूमि प्रदान करने की विभिन्न योजनाओं के तहत इन क्षेत्रों में पट्टे जारी हुए 50 वर्ष बीत गए हैं लेकिन आज तक इंतकाल नहीं हुए हैं। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को इसके लिए एक विशेष अभियान आरंभ करने के निर्देश भी दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस समय अस्थिरता और भय के माहौल में काम कर रही है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि भाजपा ने सैद्धांतिक निर्णय लेते हुए राज्यसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा जिससे कांग्रेस को स्वभाविक रूप से बड़ा अवसर मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी के बीच जो संघर्ष और भ्रम की स्थिति देखने को मिली वो दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यसभा सीट के चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने अपने ही सहयोगियों और मित्रों को गुमराह किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि

नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा की सम्पत्ति को लेकर भी कांग्रेस नेता ही सवाल उठा रहे हैं।

मांग

चंबा ज़िला की अत्यंत दुर्गम पांगी घाटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिससे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पांगी उपमंडल में पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह मियां ने घाटी में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, संचार व रोजगार जैसी सुविधाओं की बहाली को लेकर कल शिमला में मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि घाटी में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में रोगियों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और विभिन्न विभागों में लंबे समय से कई पद खाली पड़े हैं। प्रेम सिंह मियां ने कहा कि शिमला–किलाड़ बस सेवा बंद होने से पांगी घाटी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जनहित से जुड़ी सुविधाओं को तुरंत बहाल करने की मांग की है।

भेंट

दक्षिण अफ्रीका के भारत में उच्चायुक्त प्रोफैसर अनिल सूकलाल ने आज प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ शिमला में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उच्चायुक्त को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण विषयों सहित भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच बेहतरीन कूटनीतिक संबंधों पर भी गहन चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष के साथ हिमाचल यात्रा का अनुभव साझा करते हुए उच्चायुक्त ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की खूबसूरती से वे अधिक प्रभावित है। इस दौरान उच्चायुक्त की धर्मपत्नी डॉक्टर नेलिस्तरा सूकलाल सिंह और दक्षिण अफ्रीका के उप उच्चायुक्त भी मौजूद रहे।

सिकंदर

केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि उड़ान योजना के तहत आर. सी.एस उड़ानों के परिचालन और हवाई अड्डों के विकास के लिए हिमाचल के 9 हैलीपैड की पहचान की गई है। आज संसद में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इनमें शिमला के संजौली, बद्दी, मनाली, मंडी, रामपुर, रिकांगपिओ, पालमपुर, रक्कड़ और चंबा शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 6 हैलीपोर्ट शिमला, कुल्लू, रामपुर, मंडी, रिकांगपिओ और संजौली को जोड़ने वाले कुल 38 आर.सी.एस मार्ग संचालित किए गए

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार।
- प्रदेश की राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा निर्विरोध चयनित–पार्टी हाईकमान का जताया आभार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन के आम कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर होगा विचार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा की सम्पत्ति पर उठाए सवाल।
- चंबा ज़िला की पांगी घाटी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से लोग परेशान–सरकार से सुविधाएं बहाल करने की मांग।